# कार्यालय प्राचार्य, राजकीय महाराज आचार्य संस्कृत महाविद्यालय, जयपुर

**Near Gandhi Nagar Circle, Mahatma Gandhi Marg, Jaipur, (Raj.) PIN: 302015**

निविदा आमन्त्रण सूचना संख्या - 3164 दिनांक – 27.01.2025

## खुली बोली निविदा सूचना ___ / 2024-25

इस महाविद्यालय में पुस्तकालय ऑटोमेशन का कार्य करवाया जाना है. इस कार्य हेतु पुस्तकालय ऑटोमेशन का कार्य करने वाली जयपुर की पंजीकृत फर्मों से दरें आमन्त्रित की जाती हैं.

| कार्य का नाम | अनुमानित लागत | निविदा शुल्क | अमानत राशि | निविदा फॉर्म विक्रय की अन्तिम तिथि | निविदा फॉर्म जमा कराने की अन्तिम तिथि | निविदा खोलने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **लगभग 19000 पुस्तकों की Data Entry** - (Accession No., Title & Subtitle, Volume/Part No., Subject, Author, Editor, Publisher, Publication Year, Book Price etc.) | Rs.2.15 लाख | 200/- | (Rs.4,300/-) अनुमानित लागत का 2% | 07.02.2025 दोपहर बाद 3.00 बजे तक | 08.02.2025 दोपहर बाद 3.00 बजे तक | 10.02.2025 दोपहर 11.00 बजे |
| **लगभग 22,500 पुस्तकों की** Bar Coding, Bar Code Stickers And Pasting on Book. | | | | | | |
| Nylon Bar Code Stickers (Non Tearable) Roll @1000 pieces Per Roll | | | | | | |
| Book Placement in Racks / Almirah (Labour Charge Only) | | | | | | |

**नोट -**

1. तकनीकी प्रस्ताव एवं उससे सम्बन्धित समस्त दस्तावेज लिफाफ नं. A में तथा वित्तीय प्रस्ताव लिफाफा नं. B में सीलबन्द करना होगा. तकनीकी प्रस्ताव पूरे करने पर ही लिफाफा नं B को खोला जाएगा, इसके अभाव में निविदादाता का फर्म खोलने योग्य नहीं माना जाएगा. अतः निविदादाता यह सुनिश्चित कर ले कि वह तकनीकी प्रस्ताव पूरे करता हो.
2. निविदा के साथ 2% अमानत राशि नकद अथवा डी.डी. **प्राचार्य, राजकीय महाराज आचार्य संस्कृत महाविद्यालय, गान्धी नगर, जयपुर** के पक्ष में देना आवश्यक होगा.
3. किसी भी निविदा को बिना कारण बताए स्वीकार / अस्वीकार करने या बोली को निरस्त करने का अधिकार उपापन समिति के पास सुरक्षित रहेगा.
4. तकनीकी प्रस्ताव में सफल होने पर सफल बोलीदाता को वित्तीय बोली खोलने की सूचना दे दी जाएगी.
5. अन्य विशेष बिन्दु महाविद्यालय के सूचना पट्ट पर देखे जा सकते हैं.

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ -**

1. महाविद्यालय की वेबसाइट https://www.masc.ac.in
2. राजस्थान राज्य लोक उपापन पोर्टल https://sppp.rajasthan.gov.in
3. सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, राजस्थान सरकार, सचिवालय, जयपुर.
4. सूचना पट्ट
5. लेखा शाखा
6. संयोजक उपापन समिति – राजकीय महाराज आचार्य संस्कृत महाविद्यालय, जयपुर
7. पुस्तकालयाध्यक्ष
8. रक्षित पत्रावली

प्राचार्य
राजकीय महाराज आचार्य संस्कृत
महाविद्यालय, जयपुर

प्राचार्य
राजकीय महाराज आचार्य
संस्कृत महाविद्यालय, जयपुर

# कार्यालय प्राचार्य, राजकीय महाराज आचार्य संस्कृत महाविद्यालय, जयपुर

Near Gandhi Nagar Circle, Mahatma Gandhi Marg, Jaipur, (Raj.) PIN: 302015

निविदा आमन्त्रण सूचना संख्या - 3164 दिनांक – 27.01.2025

## खुली बोली निविदा की शर्तें

टिप्पणी – निविदादाताओं को इन शर्तों को सावधानीपूर्वक पढ़ना चाहिए. अपनी निविदाएँ भेजते समय इनकी पूर्णरूपेण पालना करनी होगी. निविदादाताओं को अपने तकनीकी प्रस्ताव के साथ मुहरबन्द लिफाफे में बन्द करके प्रेषित करनी होगी.

1. निविदादाता को निविदा शर्तों में बताए अनुसार तकनीकी प्रस्ताव एवं उससे सम्बन्धित समस्त दस्तावेज लिफाफा सं. A में सीलबन्द करने हैं तथा लिफाफे पर "**सामग्री / कार्य का नाम व तकनीकी प्रस्ताव**" अंकित करना है तथा फर्म का स्पष्ट पता लिखना है.
2. वित्तीय प्रस्ताव लिफाफा सं. B पर सीलबन्द करने हैं तथा लिफफे पर "**सामग्री / कार्य का नाम व वित्तीय प्रस्ताव**" अंकित करना है तथा फर्म का स्पष्ट पता लिखना है. इसके पश्चात् दोनों लिफाफों को एक बड़े लिफाफे में सीलबन्द करके प्रस्तुत करना है. इस बाह्य लिफाफे पर स्पष्ट रूप से "**सामग्री / कार्य का नाम एवं निविदा प्रस्ताव**" अंकित करना है तथा फर्म का स्पष्ट पता लिखना है.
3. निविदादाता इस पर विशेष ध्यान दें कि लिफाफा सीलबन्द हो एवं उस पर तिथि एवं समय का भी उल्लेख हो. पुस्तकालय ऑटोमेशन कार्य सीलबन्द लिफाफे के ऊपर लिखा हो.
4. तकनीकी प्रस्ताव वाले लिफाफे A में निविदा सूचना सम्बन्धी समस्त शर्तें निविदादाता के हस्ताक्षर (मय फर्म की मोहर) संलग्न करने हैं, साथ ही तकनीकी प्रस्ताव में निम्नलिखित दस्तावेज भी आवश्यक रूप से संलग्न करने हैं –
    a. तकनीकी निविदा प्रपत्र शुल्क राशि Rs.200/- रसीद / डी.डी.
    b. अमानत राशि 2% Rs._____ का डी.डी.
    c. निविदादाता के PAN Card की सत्यापित प्रति.
    d. निविदादाता का पहचान पत्र
    e. फर्म का पंजीयन प्रमाण-पत्र (निविदादाता फर्म की एक शाखा जयपुर में होना आवश्यक है.)
    f. फर्म का 31.012.2024 तक का जी.एस.टी एवं आयकर चुकता प्रमाणपत्र स्वयं के लैटर हैड पर.
    g. फर्म के स्वयं के लैटर हैड पर उसके पूर्व में ब्लैक लिस्टेड नहीं होने का प्रमाणपत्र.
    h. निविदादाता फर्म को राजकीय/निजी महाविद्यालयों में पुस्तकालय ऑटोमेशन सम्बन्धी कार्य करने का अनुभव प्रमाणपत्र स्वयं के लैटर हैड पर पर प्रस्तुत करना होगा एवं छायाप्रति संलग्न करनी होगी.
    i. तकनीकी प्रस्ताव पूरे करने पर ही लिफाफा नं. B को खोला जाएगा. इसके बिना निविदादाता का फॉर्म खोले जाने योग्य नहीं माना जाएगा. अतः निविदादाता यह सुनिश्चित कर ले कि वह तकनीकी प्रस्ताव पूरे करता है.
5. लिफाफा नं. B में केवल वित्तीय प्रस्ताव ही सीलबन्द कर के देने हैं.
6. निविदा प्रस्ताव के साथ 2% अमानत राशि का डी.डी. **प्राचार्य, राजकीय महाराज आचार्य संस्कृत महाविद्यालय, गान्धी नगर, जयपुर** के पक्ष में देय संलग्न करना आवश्यक होगा, अन्यथा बोली पर विचार नहीं किय जाएगा.
7. निविदा को खोलते समय सर्वप्रथम तकनीकी प्रस्ताव ही खोले जाएंगे और तकनीकी प्रस्ताव योग्य पाए जाने पर ही फर्म के वित्तीय प्रस्ताव पर विचार किया जा सकेगा. इसके लिए किसी भी प्रकार का तर्क मान्य नहीं होगा. तकनीकी कमी-पूर्ति करने का मौका देने का सर्वाधिकार उपापन समिति के विवेकाधीन रहेगा एवं उपापन समिति द्वारा निर्धारित समय में पूर्ति न होने पर निविदा निरस्त समझी जाएगी.
8. सशर्त एवं साधारण डाक / ईमेल इत्यादि से प्रेषित निविदा स्वीकार्य नहीं होंगी.
9. निविदा प्रस्ताव को निविदा सूचना में दिए गए निर्देशों के अनुसार उचित रूप से मुहरबन्द लिफाफे में बन्द करनी होगी.
10. पैन (PAN) कार्ड की प्रमाणित प्रति प्रस्तुत न किए जाने की स्थिति में निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी.
11. निविदा प्रारूप स्याही से भरा जाएगा या अंकित किया जाएगा. पेंसिल से भरी गई किसी भी निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा.
12. निविदा में दरे अंकों व शब्दों दोनों में स्पष्ट रूप से लिखी जाएगी. इसमें कोई त्रुटि एवं उपरिलेखन नहीं होना चाहिए. यदि कोई शुद्धि करनी हो तो स्पष्ट रूप से की जानी चाहिए एवं दिनांक सहित उन पर हस्ताक्षर किए जाने चाहिए. अंकों एवं शब्दों में अंतर होने पर शब्दों में प्रस्तावित राशि को ही सही माना जाएगा.

प्राचार्य
राजकीय महाराज आचार्य संस्कृत महाविद्यालय, ...

13. एफ.ओ.आर. राजकीय महाराज आचार्य संस्कृत महाविद्यालय जयपुर होगा तथा स्थानीय कर चुंगी कर इत्यादि का भुगतान फर्म को ही करना होगा. प्रत्येक उपकरण की दर समस्त टैक्स एवं अन्य चार्ज जोड़ते हुए अंकित की जाएगी.

14. प्रदायकर्ता अपनी संविदा को या उसके किसी भी भाग को अन्य फर्म को नहीं सौंपेगा या उसे sub-let नहीं करेगा.

15. उक्त कार्य / सामग्री का उपापन अनुमानित है एवं अनुबंध अवधि के दौरान उपापन सामग्री की कुल अनुमानित कीमत से कम या अधिक हो सकती है. जो उपापन राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम, 2013 के उप नियम 73 के अनुसरण में होगी. उपापन समिति द्वारा सामग्री संख्या एवं लागत राशि बढ़ाई अथवा घटाई जा सकती है.

16. **अमानत/बयाना राशि (Earnest Money) -**

    a. निविदा प्रस्ताव के साथ नियमानुसार निविदा सूचना में वर्णित राशि (2%) बयाना राशि प्रस्तुत की जाएगी. इसके बिना निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा.

    b. बयाना राशि के प्रति आए :- सफल निविदा डाटा की बयाना राशि निविदा को अंतिम रूप से स्वीकार करने के बाद यथासंभव शीघ्र डीडी लौटा दिया जाएगा.

    c. **बयाना राशि से आंशिक छूट** :- उन फर्मों को जो कि निदेशक, उद्योग विभाग, राजस्थान के पास पंजीकृत हैं, उन मदों के संबंध में जिनके लिए वे उक्त रूप में रजिस्टर्ड की गई हैं, उनके द्वारा मूल पंजीयन प्रमाण पत्र या उसकी फोटो स्टेट प्रति या किसी राजपत्रित अधिकारी द्वारा विधिवत अनुप्रमाणित प्रति प्रस्तुत करने पर निविदाएँ आमंत्रित करने की सूचना में दिखाई गई निविदा के अनुमानित मूल्य के नियमानुसार छूट की दर पर बयाना राशि जमा करनी होगी.

    d. केंद्र सरकार व राजस्थान सरकार के उपक्रमों को बयाना राशि प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं है.

    e. अनुमोदन की प्रतीक्षा करने वाली या रद्द की गई निविदाओं के संबंध में या संविदाओं के पूर्ण हो जाने के कारण विभाग अथवा कार्यालय के पास जमा बयाना राशि अथवा प्रतिभूति राशि निक्षेप को नई निविदाओं के लिए बयाना राशि अथवा प्रतिभूति राशि के प्रति समायोजित नहीं किया जाएगा.

17. **बयाना राशि का सम्पहरण** : -बयाना राशि को निम्नलिखित मामलों में जब्त कर लिया जाएगा-

    a. जब निविदादाता निविदा खोलने के बाद किंतु निविदा को स्वीकार करने के पूर्व प्रस्ताव को वापस ले लेता है या उसमें रूपांतरण करता है.

    b. जब निविदादाता विनिर्दिष्ट समय के भीतर चिह्नित किसी करार को, यदि कोई हो, निष्पादित नहीं करता है.

    c. जब निविदादाता प्रदायगी के आदेश देने के बाद प्रतिभूति राशि जमा नहीं करता है.

    d. जब वह निहित समय के भीतर प्रदाय आदेश के अनुसार मदों का प्रदाय आरंभ करने में असफल रहता है.

18. **भुगतान की प्रक्रिया** : -

    a. महाविद्यालय द्वारा कोई अग्रिम भुगतान नहीं किया जाएगा, किंतु फर्म की खर्च लागत अधिक होने एवं फर्म द्वारा मांग रखने पर कार्य के अनुसार भुगतान करें समिति अथवा कमेटी की सहमति होने पर किया जा सकेगा.

    b. सामग्री आपूर्तिनिविदा शर्तों के अनुरूप उपापन / प्रदायगी आदेश अनुसार करने पर सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियमों के अनुसार बिल प्रस्तुत करने पर भुगतान 7 से 15 दिन में किया जाएगा.

    c. समस्त प्रकार के प्रेषण प्रभाव निविदादाता द्वारा ही वहन किए जाएंगे.

19. सशर्त निविदा मान्य नहीं : - यदि निविदादाता ऐसी शर्त आरोपित करता है जो इसमें वर्णित शब्दों के अतिरिक्त है या उनके विरोध में है तो उसकी बिड को संक्षिप्त कार्रवाई कर रद्द कर दिया जाएगा. किसी भी सूरत में इनमें से किसी भी शर्त को स्वीकार किया हुआ नहीं समझा जाएगा जब तक की महाविद्यालय द्वारा जारी किए गए बिड स्वीकृति पत्र में विशेष रूप से उल्लेखित न किया गया हो.

20. किसी भी निविदा को बिना कारण बताए स्वीकार / अस्वीकार करने या बोली को निरस्त करने का अधिकार उपापन समिति के पास सुरक्षित रहेगा.

21. सामान्यतः कार्य आदेश किसी भी एक फर्म को दिया जाएगा, किंतु स्थिति अनुसार इस कार्य को एक से अधिक फर्म को आवंटित किया जा सकता है.

22. निर्धारित निविदा प्रपत्र के अलावा अन्य प्रपत्र में दी गई निविदा मान्य नहीं होगी.

23. निर्धारित समय पश्चात (Delayed) प्राप्त होने वाली निविदा पर कोई विचार नहीं किया जाएगा. निविदा बंद लिफाफे में अधोहस्ताक्षरकर्त्ता के कार्यालय में नियत दिनांक व समय पर पहुंच जानी चाहिए. इसके बाद प्राप्त होने वाली निविदाओं



प्राचार्य
राजकीय महा...
संस्कृत महावि...

पर विचार करना संभव नहीं होगा. ईमेल आदि द्वारा निवेदन स्वीकार नहीं की जाएगी. डाक द्वारा देरी से प्राप्त निविदा के लिए किसी प्रकार का तर्क, आक्षेप स्वीकार नहीं किया जाएगा. अतः व्यक्तिशः जमा करने की सलाह दी जाती है.

24. मूल निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने तथा निविदा खोलने की दिनांक व समय में वृद्धि करने का पूर्ण अधिकार महाविद्यालय की तरह समिति के पास सुरक्षित है.

25. प्रदाय हेतु संविदा को यदि उपापन की सप्लाई महाविद्यालय की संतुष्टि अनुसार नहीं की जाती है तो निविदादाता को महाविद्यालय की तरफ से पुनः अवसर दिया जाएगा.

26. उपर्युक्त शर्तों के अलावा जहां आवश्यक हो राज्य सरकार के सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियमों, राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 के समस्त प्रावधान / शर्तें लागू होंगी.

27. ऑटोमेशन का कार्य महाविद्यालय की लाइब्रेरी में ही करना होगा. पुस्तकों की डेटा एंट्री करना, पुस्तकों को रैक से लाना, बारकोड स्टिकर बनाना एवं लगाना और वापस रैक में रखना, यह समस्त कार्यऑटोमेशन टीम को ही करने होंगे. इस कार्य के लिए महाविद्यालय की ओर से एक व्यक्ति भी उपलब्ध करवाया जाएगा.

28. सभी पुस्तकों पर Nylon के बड़ी साइज (1.5" x 2") के दो बारकोड स्टिकर लगाए जाएंगे.

29. फर्म को पुस्तकालय ऑटोमेशन संबंधी कार्य का पूर्व में राजकीय / निजी महाविद्यालय में कार्य अनुभव होना चाहिए.

30. फर्म के व्यक्ति के द्वारा सभी पुस्तकों की डाटा एंट्री अंग्रेजी अथवा एरियल यूनिकोड फोण्ट में आवश्यकता अनुसार करनी होगी.

31. किसी भी विवाद में निर्वचन का अधिकार गठित सक्षम कमेटी को होगा.

32. उक्त संपूर्ण कार्य एक मास के अन्दर करना होगा. पुस्तकालयाध्यक्ष द्वारा सन्तोषजनक कार्य प्रमाणन के पश्चात् ही भुगतान किया जाएगा.

33. न्यूनतम दर वाली फर्म की दरें ही स्वीकार करने के लिए निम्न हस्ताक्षरकर्त्ता बाध्य नहीं है. यह अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्त्ता के पास सुरक्षित है. इस पर किसी भी प्रकार का तर्क मान्य नहीं होगा.

34. फर्म द्वारा उपलब्ध कराए जाने वाले कर्मचारियों के आधार कार्ड की प्रमाणित छायाप्रति महाविद्यालय में प्रस्तुत की जाएगी.

प्राचार्य
राजकीय महाराज आचार्य संस्कृत
महाविद्यालय, जयपुर

प्राचार्य
राजकीय महाराज आचार्य
संस्कृत महाविद्यालय, जयपुर

# निविदा प्रपत्र (तकनीकी प्रस्ताव)

(कृपया इसे लिफाफा नं. A में सीलबन्द करें)

1. निविदा सूचना संख्या / दिनांक ..............................................
2. निविदा की अनुमानित लागत ..............................................
3. कार्य का नाम जिसके लिए निविदा प्रस्तुत की गयी है **पुस्तकालय ऑटोमेशन के लिए डेटा एण्ट्री एवं समस्त बारकोडिंग कार्य**
4. निविदादाता फर्म का नाम ..............................................
5. निविदादाता फर्म का पूर्ण पता ..............................................
..............................................
..............................................
6. निविदा अमानता डी.डी. सं. __________ राशि __________ दिनांक ________ संलग्न है. (तकनीकी प्रस्ताव के साथ लिफाफा सं A में संलग्न करें).
7. निविदादाता फर्म के पैन (PAN) नं. __________ जी.एस.टी. नं. ______________ (तकनीकी प्रस्ताव के साथ स्वप्रमाणित करें).
8. फर्म का जी.एस.टी. / आयकर रिटर्न इत्यादि का चुकता प्रमाण-पत्र लैटरपैड पर. (तकनीकी प्रस्ताव के साथ स्वप्रमाणित करें).
9. राजस्थान के राजकीय / निजी महाविद्यालयों में कराए गए पुस्तकालय ऑटोमेशन सम्बन्धी प्रमाणपत्र लैटर हैड पर. (तकनीकी प्रस्ताव के साथ स्वप्रमाणित करें). आवश्यकता होने पर राजकीय कार्यादेश की प्रति मांगी जा सकती है) जिस भी फर्म से कार्यादेश जारी किया जाएगा, उसे दूरभाष / ईमेल पर सूचना प्रेषित कर दी जाएगी.
10. भारत सरकार की गाइड लाइन के अनुसार MSME (Micro, Small & Medium Enterprises) में रजिस्टर्ड फर्म को प्राथमिकता दी जाएगी.
11. फर्म का पूर्व में ब्लैक-लिस्टेड नहीं होने का प्रमाणपत्र स्वयं के लैटर पैड पर.
12. फर्म की दरें कम हों, इसके उपरान्त भी कायदिश किस फर्म को देना है, यह अधिकार पूर्णरूपेण उपापन समिति के पास सुरक्षित रहेगा.
13. निविदा सूचना में वर्णित समस्त विवरण एवं शर्तें हमारे द्वारा ध्यानपूर्वक पढ़ ली गयी हैं तथा समस्त शर्तों का पालन करने के लिए हमारी फर्म सहमत है. उक्त शर्तों को हमारे द्वारा स्वीकार किए जाने के प्रमाण में हमने निविदा प्रपत्र के समस्त दस्तावेजों पर हस्ताक्षर मय मोहर कर दिए हैं तथा उनकी पालना करने के लिए सहमत हैं.

दिनांक - ________ 　　　　　　निविदादाता के हस्ताक्षर मय सील

प्राचार्य
राजकीय महाराज आचार्य
संस्कृत महाविद्यालय, जयपुर

# वित्तीय निविदा प्रपत्र

(कृपया इसे लिफाफा नं. B में सीलबन्द करें)

1. निविदा सूचना संख्या / दिनांक ..........................................
2. कार्य का नाम जिसके लिए निविदा प्रस्तुत की गयी है — **राजकीय महाराज आचार्य संस्कृत महाविद्यालय, जयपुर के पुस्तकालय ऑटोमेशन के लिए डेटा एण्ट्री एवं समस्त बारकोडिंग कार्य.**
3. निविदा प्रस्तुतकर्त्ता फर्म का नाम ..........................................
4. निविदा प्रस्तुतकर्त्ता फर्म का पूर्ण पता ..........................................
..........................................
..........................................

   दूरभाष संख्या ..........................................
   ईमेल आईडी ..........................................

5. प्रस्तुत दरें –
   (Net Rate अंकों एवं शब्दों दोनों में लिखें)

| S.No. | Description of Work | Rate Amount | GST Amount | Net Rate |
|---|---|---|---|---|
| 1. | लगभग 19000 पुस्तकों की **Data Entry** -<br>(Accession No., Title & Subtitle, Volume/Part No., Subject, Author, Editor, Publisher, Publication Year, Book Price, etc.) | | | |
| 2. | लगभग 22,500 पुस्तकों की Bar Coding, Bar Code Stickers And Pasting on Book. | | | |
| 3. | Bar Code Sticker (Non Tearable) Roll @1000 pieces Per Roll | | | |
| 4. | Book Placement in Racks<br>(Labour Charge Only) | | | |

Note –

1. ऑटोमेशन कार्य में आवश्यक सामग्री / उपकरण यथा कम्प्यूटर, बारकोड प्रिण्टर, स्कैनर, पुस्तक संधारण रजिस्टर्स इत्यादि महाविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराए जाएंगे.
2. पुस्तकों का विषयवार वर्गीकरण, रैक आवण्टन एव रैक नम्बर आवण्टन का कार्य महाविद्यालय पुस्तकालय समिति के निर्देशानुसार किया जाना अत्यावश्यक होगा. फर्म स्वयं की ओर से किसी भी पुस्तक का रैक नम्बर एवं विषय निर्धारित नहीं करेगी.

प्राचार्य
राजकीय महाराज आचार्य
संस्कृत महाविद्यालय, जयपुर

## कार्यालय प्राचार्य, राजकीय महाराज आचार्य संस्कृत महाविद्यालय, जयपुर

Near Gandhi Nagar Circle, Mahatma Gandhi Marg, Jaipur, (Raj.) PIN: 302015

निविदा आमन्त्रण सूचना संख्या - ____________

### चैक लिस्ट

निविदा प्रस्तुतकर्त्ता फर्म का नाम - ____________

| S. No | PARTICULARS With Full Details | Enclosed (Yes/No) | Remark |
|---|---|---|---|
| 1. | तकनीकी निविदा प्रपत्र शुल्क राशि Rs.200/- रसीद / डी.डी. | | |
| 2. | अमानत राशि Rs.4,300/- का डी.डी. (अनुमानित लागत Rs.2.15 लाख). | | |
| 3. | फर्म का पंजीयन प्रमाणपत्र | | |
| 4. | पैन कार्ड (PAN) की प्रति | | |
| 5. | पहचान पत्र (आई.डी.) की प्रमाणित प्रति | | |
| 6. | फर्म का जी.एस.टी चुकता प्रमाणपत्र स्वयं के लैटर पैड पर | | |
| 7. | फर्म का ब्लैक लिस्टेड नहीं होने का प्रमाणपत्र अपनी लैटर पैड पर | | |
| 8. | राजकीय / निजी महाविद्यालयों में कराया गया पुस्तकालय ऑटोमेशन सम्बन्धी प्रमाणपत्र स्वयं के लैटर हैड पर. | | |
| 9. | MSME प्रमाणपत्र | | |
| 10. | फर्म राजस्थान राज्य की है सम्बन्धी प्रमाणपत्र. | | |
| 11. | भागीदार फर्म (Partnership Firm) एवं राजस्थान से बाहर की कम्पनी को कार्यादेश नहीं दिया जाएगा. | | |

**Note –** सभी अधिकार उपापन समिति के पास सुरक्षित रहेंगे. इस सम्बन्ध में किसी भी प्रकार का तर्क मान्य नहीं होगा.

प्राचार्य
राजकीय महाराज आचार्य
संस्कृत महाविद्यालय, जयपुर